
शनिवार

22 अप्रैल, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

खुलासा : यूट्यूब देख कर की बैंक में डाका डालने की प्लानिंग, चार गिरफ्तार

2



## खबरें फटाफट

### चांद नजर आया आज मनेगी ईद

**नई दिल्ली।** देश में शुक्रवार की शाम को ईद का चांद नजर आया। इसी के साथ अब शनिवार को ईद मनाई जाएगी। अरब देश सऊदी अरब, यूएई, कतर समेत खाड़ी देशों में शुक्रवार को ईद उल फितर यानी मीठी ईद की मिठास घुली रही। वहीं भारत में माह- ए-रमजान में आखिरी जुमे की अलविदा नमाज पढ़ी गई।

### सत्यपाल मलिक को सीबीआई का समन

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को मौखिक समन भेजा है। उन्हें एजेंसी ने 27 और 28 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में दो प्रोजेक्ट में गड़बड़ियों को लेकर केस दर्ज किया था। इसी मामले में सीबीआई ने उन्हें बुलाया है। मलिक ने दावा किया था कि उन्हें दो फाइल साइन करने के लिए 300 करोड़ का ऑफर मिला था।

### पुंछ हमला मामले में छह हिरासत में

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में गुरुवार को सेना के वाहन पर हुए आतंकी हमले में पाकिस्तानी साजिश का खुलासा हुआ है। इस अटैक में शामिल आतंकियों में से 3 के पाकिस्तान से जुडे.होने का शक है। इस हमले की जिम्मेदारी जैश समर्थित आतंकी संगठन पीपल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने ली है। इस हमले में अब तक पुलिस 6 लोगों को हिरासत में लिया है। एनआईए ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर सबूत जमा किए हैं।

### हर जिला में खुलेगा एक साइबर थाना

**पटना।** बिहार में साइबर फ्रॉड से जुड़े मामलों पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा अहम फैसला लिया गया है। राज्य के हर जिले में एक यानी कुल 44 साइबर पुलिस थाने खोले जाने का फैसला लिया गया है। इन थानों के बेहतर संचालन के लिए 44 डीएसपी समेत 660 पदों पर नियुक्ति होगी। मुख्य सचिव आमिर सुबहानी की अध्यक्षता में प्रशासी पदवर्ग समिति की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दे दी गई। एक थाने में कुल 15 पद यानी एक डीएसपी, चार पुलिस निरीक्षक, तीन पुलिस अवर निरीक्षक, एक प्रोग्रामर, दो सिपाही, तीन डाटा सहायक और एक चालक सिपाही के पद तय किए गए हैं।

# गोधरा कांड के आठ दोषियों को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

2002 में गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के कोच में आग लगाकर 59 लोगों की हत्या के दोषी आठ लोगों को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। इन सभी लोगों को निचली अदालत और हाई कोर्ट से उम्र कैद की सजा मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 17-18 साल जेल में बिताने के आधार पर जमानत दी है। हालांकि, कोर्ट ने ऐसे 4 लोगों को जमानत से मना कर दिया है जिन्हें निचली अदालत ने मौत की सजा दी थी और हाई कोर्ट ने उसे उम्र कैद में बदल दिया था।

जिन्हें कोर्ट ने जमानत दी है, उनमें अब्दुल सत्तार गद्दी, यूनुस अब्दुल हक, मो. हनीफ, अब्दुल रउफ, इब्राहिम अब्दुल रजाक, अयूब अब्दुल गनी, सोहेब यूसुफ और सुलेमान अहमद शामिल हैं। इन सभी लोगों पर ट्रेन में जल रहे लोगों को बाहर आने से रोकने का दोष साबित हुआ था। जिन 4 लोगों को रिहा करने से कोर्ट ने मना कर दिया



है, वे हैं- अनवर मोहम्मद, सौकत अब्दुल्ला, मेहबूब याकूब मीठा और सिद्दीक मोहम्मद मोरा। इन पर हत्या में सीधे शामिल होने का दोष साबित हुआ था। गुजरात सरकार ने इनको मौत की सजा देने की मांग की है।

**11 लोगों को सजा ए मौत:** मामले के कुल 31 दोषियों में से 11 को निचली अदालत ने मृत्युदंड दिया था, जबकि 20 को आजीवन कारावास की सजा दी थी। अक्टूबर 2017 में गुजरात हाई कोर्ट ने 11 लोगों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। वहीं निचली अदालत से उम्र कैद पाने वाले 20 लोगों की सजा को हाई कोर्ट ने बरकरार रखा था। इन सभी लोगों की अपील सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

**दोषियों को क्यों दी गई जमानत:** पिछले साल दिसंबर में भी सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले के एक दोषी फारुक को जमानत दी थी। निचली अदालत में फारुक पर ट्रेन के जलते डिब्बे से लोगो को बाहर आने से रोकने के लिए पथराव का दोष साबित हुआ था। उस मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने इसी बात को आधार बनाया था कि फारूक 17 साल से जेल में है। जबकि, इस साल 18 अप्रैल को निचली अदालत से फांसी की सजा मिलने के कारण इरफान घांची और सिराज मेदा की जमानत याचिका सुप्रीम ठुकरा कर चुका है। कई दोषियों की जमानत पर अभी सुप्रीम कोर्ट ने विचार नहीं किया है।

### ज्ञानवापी में नमाजियों के लिए टब में पानी रखने का आदेश

वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नमाजियों की सुविधा के लिए समुचित पानी टब में भरकर रखने के आदेश दिए हैं। रमजान के मद्देनजर ये याचिका दाखिल की गई थी। याचिका में फव्वारा का एरिया सीलबंद होने की वजह से नमाजियों को वजू करने में दिक्कत हो रही थी। याचिकाकर्ताओं के वकील हुजैफा अहमदी ने सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ के सामने कहा कि अब तो ईद आ गई है। लेकिन समस्या अब भी जस की तस है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि बाहर पानी की पूरी व्यवस्था है। लेकिन अहमदी ने कहा कि वो पानी 70 मीटर दूर है. इस पर कोर्ट ने वाराणसी के जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि वो मस्जिद के बाहर टब में पानी रखवाएं।

# पटना में अलविदा की नमाज के बाद अतीक के पक्ष में लगे नारे

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ हुई नारेबाजी
- एक नमाजी बोला... हमारी नजर में अतीक अहमद शहीद

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में शुक्रवार को अलविदा की नमाज के बाद प्रयागराज में मारे गए माफिया अतीक अहमद के पक्ष में जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ नारेबाजी का वीडियो सामने आया है। मामला पटना रेलवे स्टेशन से सटे जामा मस्जिद का बताया जाता है। सुरक्षा के लिए वहां पुलिस बल तैनात थी लेकिन पुलिस के जवानों ने नारेबाजी करने वालों से दूरी बनाये रखी। जानकारी के अनुसार पटना की जामा मस्जिद के बाहर अलविदा की नमाज के बाद कुछ लोग अचानक अतीक अहमद के समर्थन में नारे लगाने लगे। नमाज पढ़ कर उठे लोगों में से एक समूह ने सड़क पर ही नारेबाजी करनी शुरू कर दी।

नारेबाजी का नेतृत्व कर रहे एक शख्स ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज हमने दुआ किया.. या अल्लाह, अतीक अहमद की शहादत को कबूल फरमा। आज हमने यही दुआ किया अल्लाह से कि अतीक अहमद, अशरफ अहमद और असद अहमद की शहादत को कबूल फरमा। उन्हें मारा गया। योगी सरकार ने उन्हें योजनाबद्ध तरीके से मरवाया। इस हत्या में सरकार का हाथ है। कहा कि हमारी नजर में वह शहीद है।

### सूडान के हालात पर पीएम ने की समीक्षात्मक बैठक

# फंसे भारतीयों की जल्द होगी वतन वापसी: मोदी

- सूडान में हुई हिंसा में एक भारतीय समेत 300 से अधिक लोगों की हो चुकी है मौत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे गृहयुद्ध के चलते वहां हालात बद से बदतर हैं। ऐसे में वहां फंसे भारतीयों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिक्र जताई है और वहां से उनकी जल्द से जल्द निकासी के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा है। इसके लिए पीएम मोदी ने शुक्रवार को हाई लेवल मीटिंग बुलाई। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान जारी कर कहा है कि पीएम मोदी ने सूडान में सतर्क रहने, घटनाक्रम की बारीकी से निगरानी करने और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया। पीएम ने सूडान से भारतीयों के लिए आकस्मिक निकासी योजना तैयार करने और उनमें सुरक्षा के हिसाब से तेजी से बदलाव करने और विकल्पों की व्यवहार्यता पर चलने का निर्देश दिया।

बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, वायु सेना और नौ सेना के प्रमुख, विदेश और रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के अलावा वरिष्ठ राजनयिक शामिल हुए। जयशंकर वर्तमान के गुयाना के दौरे पर हैं। बता दें कि सूडान में 3000 से अधिक भारतीय इस समय फंसे हैं। राजधानी खार्तूम में संघर्ष की वजह से इनकी निकासी में मुश्किलें आ रही हैं।

हाई लेवल मीटिंग में सूडान में 3,000 से अधिक भारतीयों की सुरक्षा पर ध्यान देने के साथ पीएम को इस मामले में जमीनी हालात की पहली रिपोर्ट भी दी गई। सूडान की राजधानी खार्तूम सहित देश के अन्य हिस्सों में हुई हिंसा में एक भारतीय समेत 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। भारत ने गुरुवार को कहा था कि सूडान में स्थिति बहुत तनावपूर्ण है और वह भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब एवं मिस्त्र सहित विभिन्न देशों के साथ करीबी समन्वय कर रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने नयी दिल्ली में कहा था, चार-पांच दिन बाद भी संघर्ष कम नहीं हुआ है, लड़ाई जारी है और स्थिति तनावपूर्ण है। ऐसे में हम भारतीयों से आग्रह करते हैं कि वे जहां हैं, वहीं रहें और बाहर न निकलें। उन्होंने कहा था, हम सूडान के घटनाक्रम पर बेहद करीबी नजर रख रहे हैं।

### सरकारी सिस्टम हर देशवासी को सपोर्ट करे: पीएम



**नई दिल्ली।** देश में आज सिविल सर्विस डे मनाया जा रहे है, इस मौके पर एक आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के विज्ञान भवन में पीएम मोदी ने सिविल सेवकों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, देश में आजादी के अमृतकाल का दिन चल रहा है, मैं ही नहीं, पूरी दुनिया कह रही है कि भारत का वक्त आया है। हम ऐसे वक्त में ब्यूरोक्रेसी को मजबूत करना चाहते हैं। मैं आज भारत के हर सिविल सेवा अधिकारी से यही कहूंगा कि आप बहुत भाग्यशाली हैं। आपको इस कालखंड में देश की सेवा का अवसर मिला है... हमारे पास समय कम है लेकिन सामर्थ्य भरपूर है, हमारे लक्ष्य कठिन हैं लेकिन हौसला कम नहीं है, हमें पहाड़ जैसी ऊंचाई भले ही चढ़नी है लेकिन इरादे आसमान से भी ज्यादा ऊंचे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत सिर्फ आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर या आधुनिक निर्माण तक सीमित नहीं है। विकसित भारत के लिए आवश्यक है कि भारत का सरकारी सिस्टम हर देशवासी की आकांक्षा को सपोर्ट करे। विकसित भारत के लिए आवश्यक है भारत का हर सरकारी कर्मचारी देशवासियों की सपनों को सच करने में उनकी मदद करे।

### दिल्ली के साकेत कोर्ट में हमलावर ने महिला को मारी चार गोली



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के साकेत कोर्ट परिसर में शुक्रवार की सुबह उस समय अफरातफरी का माहौल कायम हो गया, जब यहां पहुंची एक महिला को दनादन चार गोली मार दी गई। इसमें न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी की महिला घायल हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार महिला अदालत में बयान देने के लिए पहुंची थी। वह एक मामले में गवाह है। इसी दौरान उसे गोली मार दी गई। फिलहाल उसे इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि साकेत कोर्ट में हमलावर वकील के वेष में आया था। हमलावर ने महिला को पहचानते ही चार गोली दाग दी। हमलावर की पहचान कर ली गई है। हालांकि आरोपी महिला पर फायरिंग करने के बाद मौके से फरार हो गया। कोर्ट परिसर में हुई गोलीबारी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा किया है कि हमलावर आखिरकार कोर्ट में हथियार लेकर कैसे पहुंच गया। कोर्ट में मेटल डिटेक्टर लगे होने के बाद भी वह पकड़ा क्यों नहीं गया। दूसरी तरफ दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने ट्वीट में लिखा है कि राजधानी में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। दूसरों के कामों में अड़चन करने और हर बात पर गंदी राजनीति करने की बजाय सबको अपने अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। यदि कानून व्यवस्था नहीं संभलता तो इस्तीफा दे देना चाहिए।

# अपराध और अपराधी भाजपा में हैं, जिसके तलवे चाटकर प्रशांत किशोर आज यहां पहुंचे हैं : राजद

**केटी न्यूज/नालंदा**

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को सीएम नीतीश कुमार और आरजेडी नेता डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। इस पर आरजेडी के प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने पलटवार कहा कि अपराध और अपराधी भारतीय जनता पार्टी के अंदर है, जिसके तलवे प्रशांत किशोर चाटकर आज यहां तक पहुंचे हैं। तेजस्वी यादव के सामने पीके की औकात उनके पैर के धूल के बराबर भी नहीं है। शक्ति सिंह यादव ने कहा कि प्रशांत किशोर को अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, सीएम



नीतीश कुमार के बारे में जो उन्होंने शब्द का इस्तेमाल किया है, वह उसके संस्कार पर सवाल खड़ा करता है कि वो किस संस्कार से उत्पन्न हुआ है। सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता पर सवाल खड़ा करने से पहले अपने गिरेबां में झांककर प्रशांत किशोर को देखने की जरूरत है कि वह किसके झूठे पत्तल चाट कर बिहार में यहां तक पहुंचे हैं। तुम्हारे संस्कार में ही नफरत और अपराध है।

जन सुराज पदयात्रा के दौरान गुरुवार को वैशाली में प्रशांत किशोर ने कहा था कि बिहार के लोगों को मूर्ख समझा जाता है लेकिन क्या तेजस्वी यादव मुझसे अच्छा इंग्लिश, फ्रेंच बोल सकते हैं? प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव हमसे अच्छा भोजपुरी बोलेंगे क्या? तेजस्वी को ना इंग्लिश आती है और ना ही ठीक से भोजपुरी। उन्होंने जीवन में कुछ पढ़ा नहीं है और किसी भी विषय का कोई ज्ञान नहीं है।






### उमेश पाल हत्याकांड में शूटरों की तलाश के साथ ही अतीक के मददगारों के मोबाइल नंबर लगाए थे सर्विलांस पर

# अतीक की हत्या के बाद सर्विलांस पर रखे गए 3000 फोन नंबर बंद

**केटी न्यूज/प्रयागराज**

बीते 15 अप्रैल को मेडिकल चेकअप के दौरान हुई माफिया अतिक अहमद और उसके भाई की हत्या के बाद से पुलिस लगातार इस मामले की जांच कर रही है कि दोनों भाईयों की मौत के बाद करीब 3000 फोन अचानक बंद हो गए हैं। यह नंबर सर्विलांस पर लगाए गए थे। एक साथ इतने सारे मोबाइल नंबरों के ऑफ होने से इस मामले में जांच काफी हद तक प्रभावित हो रही है।

दरअसल पुलिस ने उमेश पाल की हत्या के बाद से शूटरों की तलाश के साथ ही अतीक-अशरफ के कई



रिश्तेदारों और मददगारों के नंबर सर्विलांस पर लगाए थे।

जिससे कि पुलिस को इस केस में मदद मिल सके। वह शूटर और इस हत्याकांड में शामिल फरार अन्य आरोपियों तक पहुंच सके, लेकिन अतीक-अशरफ की मौत के बाद से उसके रिश्तेदार और दोस्त सभी दहशत में आ गए हैं। इस हत्याकांड के बाद से बंद हुए 3000 नंबरों के कारण जांच प्रभावित हो रही है। जांच प्रभावित न हो इसके लिए अब एसटीएफ ने कॉल डिटेल के जरिए मुखबिरों की मदद ले रही है।

बता दें कि उमेश पाल की हत्या के बाद फरार हुए शूटर और अतीक के परिजन जिसमें उसका बेटा असद और पत्नी शाइस्ता की तलाश करने के लिए पुलिस ने पांच हजार से ज्यादा मोबाइल नम्बर सर्विलांस पर लगाए थे। इतने नंबरों को सर्विलांस पर लगाने का एक ही मकसद था ताकि एसटीएफ को आरोपियों के बारे में जानकारी मिल सके? और ऐसा ही हुआ। एसटीएफ को कई जानकारियां भी मिली थी। यहां से मिली जानकारी के बाद ही एसटीएफ दिल्ली में तीन मददगारों तक पहुंच पाई। इन मददगारों से ही असद और गुलाम की लोकेशन मिली थी।

इसी लोकेशन के आधार पर एसटीएफ ने इन दोनों का पीछा किया और झांसी में जाकर ये दोनों पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इसके बाद पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दोनों की मौत हो गई। असद और गुलाम की मौत के ठीक तीन दिन बाद ही प्रयागराज में रिमांड के दौरान अतीक और अशरफ की अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## खबरें फटाफट

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत

**आरा।** भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दिउल गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप गुरुवार की रात ट्रैक्टर और एक अज्ञात वाहन में भिड़ंत हो गई। उसके कारण ट्रैक्टर होकर पलट गया। उसमें दब कर ट्रैक्टर मालिक की मौत हो गयी। हादसे में चालक भी मामूली रूप से जख्मी हो गया। मृतक आयर थाना क्षेत्र के इचरी गांव निवासी सुनील सिंह के 45 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र सिंह थे। वह पेशे से किसान थे और ट्रैक्टर भी चलवाते थे। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उनके भाई रितेश कुमार सिंह ने बताया कि जगदीशपुर थाना क्षेत्र के ककिला गांव में भूसा खरीद ट्रैक्टर से बेचने ले गए थे। वहां भूसा अनलोड कर वह ट्रैक्टर के साथ वापस अपने गांव लौट रहे थे। दिउल गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर में जोरदार ठोकर मार दी। उससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

### मामूली विवाद में युवक को मारा चाकू

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौटा गांव में शुक्रवार की दोपहर ऑटो के टायर का हवा खोलने का विरोध करने पर एक युवक को चाकू मार दिया गया। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी पिरौटा गांव निवासी दीना यादव का 26 वर्षीय पुत्र राजू यादव है। उसने बताया कि वह गांव में एक ऑटो में बैठा था। तभी गांव के एक युवक द्वारा वहां पर लगे दूसरे ऑटो के टायर का हवा खोला जा रहा था। उसको लेकर उसने उसे मना किया। उसके बाद वह जिस ऑटो पर सोया था, वह अपने दोस्त के साथ उसी ऑटो से सरैया बाजार चला गया। तभी उक्त युवक द्वारा फोन कर उसे गाली-गलौज किया जाने लगा। उसके बाद वह गांव लौटा और गाली देने का कारण पूछा। तभी उस युवक ने उसे चाकू मार दिया।

# समाज के वंचित गरीबों-असहायों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे गुड्डू राय: डॉ अनिल

**केटी न्यूज/छपरा**

- द्वितीय पुण्यतिथि पर याद किये गए दिवंगत पत्रकार गुड्डू राय
- नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 500 से अधिक लोगों का हुआ स्वास्थ्य जांच



सारण जिले के दिवंगत पत्रकार गुड्डू राय के द्वितीय पुण्यतिथि सादगी के साथ उनके पैतृक आवास समसुदीनपुर गांव में मनायी गयी। जहां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपने विभिन्न रोगों के बारे में निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही दवा भी प्राप्त किया। सर्वप्रथम दिवंगत पत्रकार स्व. गुड्डू राय के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें छपरा शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार के द्वारा प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर और माला पहनाकर दिवंगत आत्मा को नमन किया गया तत्पश्चात उपस्थित सभी चिकित्सक, बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं स्व गुड्डू राय के साथ कार्य करने वाले पत्रकार लोगो पुष्पांजलि अर्पित किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ. अनिल कुमार, डॉ. रितेश कुमार रवि, डॉ. संदीप यादव, डॉ. विशाल कुमार ने अपनी सेवा दी।

**सामाजिक क्षेत्र में भी थी उनकी अलग पहचान :** इस मौके पर डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि दिवंगत पत्रकार गुड्डू राय को हमने करीब से देखा है उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना ये भी उनकी एक विशेषताओं में से एक है। गुड्डू राय के संस्मरण को याद करते हुए कहा कि वे सिर्फ एक शख्सियत नहीं थे, बल्कि शख्सियत बनाने वाले लोगो में से एक है। उन्होंने हीं मुझे सिखाया की सिर्फ चेंबर में बैठकर ही डॉक्टरी नहीं की जा सकती है। बल्कि चेंबर के बाहर की दुनिया को भी जानने की आवश्यकता है। पत्रकारिता के साथ सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी अलग पहचान थी। गुड्डू राय हमेशा समाज के वंचित लोगों और गरीबों-असहायों के सेवा के लिए तत्पर रहते थे। उनकी विचारधारा समाज के लिए प्रेरणादायक थी और रहेगी।

जदयू के नेता सत्यप्रकाश यादव ने कहा कि गुड्डू राय बेहतर पत्रकारिता और समाज के लिए किए गए योगदान के लिए सदा याद किये जायेंगे। कई बार पत्रकारिता में रहते हुए उनके द्वारा हमेशा सामाजिक मुद्दों पर गंभीर चर्चा होती रहती थी। उन्होने पेशेवर मीडिया से हटकर खुद की डिजिटल मीडिया स्थापित की और आज उन्ही की स्थापित संजीवनी समाचार जिले में अलग पहचान कायम किए हुए है। उन्होने अपने परिवार के एक बंध में लेकर चलने का काम किया। जिस बंधन में अपने परिवार के सदस्यों और अनुज को बांधकर गये है वो आज भी कायम है। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

वहीं रिविलगंज नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि एवं गुड्डू राय के पारिवारिक करीबी सदस्य सोनू यादव ने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से सामाज के लिए किये गये उनके योगदान आजीवन याद रहेंगे। उन्होंने कहा कि गुड्डू राय जी के समय में सारण जिला पत्रकार संघ द्वारा प्रेस मीडिया के बंधुओं के लिए एक स्थाई भवन की मांग की गई थी उस पर सरकार द्वारा बिहार राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में प्रेस क्लब भवन बनाया गया। हालांकि अभी तक उसे पत्रकार संघ को हस्तांतरित नहीं किया गया है। मौके पर विक्की आनंद ने कहा कि उनके मुस्कराते हुए चेहरों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे परिवार के साथ-साथ समाज के सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने का काम करते थे। आज उनके अधूरे सपनों को उनके सभी अनुज मिलकर पूरा कर रहें है।

### दो कट्टा, आठ गोली, नकली पिस्टल, लोहे का फाइटर व दो बाइक बरामद

# खुलासा : यूट्यूब देख कर की बैंक में डाका डालने की प्लानिंग, चार गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के शाहपुर और बड़हरा में बैंक डकैती कांड का खुलासा कर दिया गया। इस मामले में चार अपराधियों को गिरफ्तार भी किया गया है। इनके पास से दो कट्टा, एक नकली पिस्टल, आठ गोली, लोहे का एक फाइटर और दो बाइक बरामद किया गया है। वहीं डकैती के दौरान अपराधियों द्वारा पहने गये कपड़े, जूते और मास्क आदि भी बरामद कर लिया गया है है। यूट्यूब से बैंक डकैती का आइडिया सीखने के बाद इन अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया था। घटना को अंजाम देने के लिए चोरी की बाइक का इस्तेमाल किया गया था। गिरफ्तार अपराधियों में धोबहां ओपी क्षेत्र के लच्छू टोला निवासी मंजय राम का पुत्र नीतीश कुमार, जय कुमार राम का पुत्र जीतेंद्र कुमार, राजेंद्र राम का पुत्र रंजीत कुमार और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी केशव राम का पुत्र राहुल कुमार शामिल हैं। पूछताछ में चारों द्वारा बैंक डकैती की दोनों घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार भी कर ली है।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह शाहपुर थाना क्षेत्र के बेलौटी स्थित ग्रामीण बैंक में डकैती के प्रयास घटना के बाद जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। वहीं एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में भी बड़हरा के बखोरापुर बैंक डकैती कांड को लेकर भी एक टीम काम कर रही थी। वैज्ञानिक और तकनीकी जांच के जरिए टीम ने चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में इनके पास से हथियार के अलावा घटना के दौरान पहने गये कपड़े भी बरामद कर लिया गया। चारों अपराधियों पूछताछ में बैंक डकैती की दोनों घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की। छापेमारी टीम में शाहपुर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार और बड़हरा थाना जयंत प्रकाश के अलावे डीआईयू शाखा के अफसर व जवान शामिल थे।

- तकनीकी जांच के माध्यम से अपराधियों तक पहुंचने में सफल रही पुलिस

**डाका डालने से पहले यूट्यूब पर बैंक डकैती का तरीका सर्च किया था :** एसपी ने बताया कि अपराधियों ने भोजपुर में पहली बार बैंक में डकैती की घटना को अंजाम देने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया। अपराधियों ने यूट्यूब पर डाका डालने व पुलिस से बचने का आइडिया ढूंढा। जिसके बाद इन घटनाओं को अंजाम दिया। उसमें एक घटना में तो सफलता मिल गयी, लेकिन दूसरी वारदात अपराधियों के लिए गले की फांस बन गयी। पुलिस की तकनीकी जांच अपराधियों के यूट्यूब ज्ञान पर भारी पड़ गयी। चारों ने बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में डाका डालने से एक तीन-चार दिन पहले यूट्यूब से बैंक डकैती का तरीका सर्च किया था। तब डाका डालने से लेकर भागने और पुलिस से बचने तक का आइडिया सीखा। उस दौरान आने जाने के लिए चोरी की बाइक का आइडिया मिला। उसके बाद अपराधियों ने जगदीशपुर इलाके से चोरी की बाइक ली। उसी बाइक को डकैती की घटना में इस्तेमाल किया। एसपी के अनुसार जिले में अपराधियों द्वारा यूट्यूब से आइडिया सीखने के बाद डकैती की यह पहली घटना है।

**डकैती के पैसों से खरीदे मोबाइल और हथियार :** यूट्यूब पर मिले आइडिया के बाद अपराधियों द्वारा पहले बड़हरा के बखोरापुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में डाका डाला था। तब अपराधियों को 35 हजार रुपए हाथ लगा था। उसमें साढ़े चार हजार रुपए लाइनर का काम करने वाले लड़के को दिया गया। कुछ पैसों से मोबाइल और हथियार खरीद लिया। गांव में आयोजित सरस्वती कुछ पैसे गांव में आयोजित सरस्वती पूजा में खर्च कर दिया गया था। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के बाद एसपी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लच्छू टोला गांव निवासी नीतीश कुमार, जीतेंद्र कुमार, रंजीत कुमार और मुफस्सिल के दौलतपुर गांव निवासी राहुल कुमार ने मिलकर अपना गिरोह तैयार किया। उसके बाद बैंक डकैती की प्लानिंग की गयी। उसके लिए यूट्यूब से आइडिया ढूंढा और घटना को अंजाम दे डाला।

## एक नजर

### स्वागत समारोह में नए डीडीएम नाबार्ड रजनीकांत सिंह ने किया पदभार ग्रहण



**जहानाबाद।** अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय में शुक्रवार को अग्रणी जिला प्रबंधक एवं सभी बैंकों के ज़िला समन्वयक के द्वारा डीडीएम नाबार्ड कुमार रितेश को पदोन्नति उपरांत स्थानांतरण के अवसर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया एवं नए डीडीएम नाबार्ड रजनीकांत सिंह का पदभार ग्रहण करने पर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम मनोज कुमार साह, मुख्य प्रबंधक, पीएनबी के द्वारा सभी का स्वागत किया गया एवं उनके द्वारा मंच का संचालन किया गया। इस समारोह में सभी बैंकर्स द्वारा कुमार रितेश के सराहनीय कार्य की प्रशंशा की गई एवं आगामी कार्य के लिए शुभ कामना भी दी गई, कुमार रितेश के द्वारा जिले के विकास में एक अहम भूमिका निभाई गई जिसे सभी जिला समन्वयक के द्वारा काफी सराहा गया। आज का दिन जहानाबाद जिले के लिए के लिए काफी अहम था। कुमार रितेश के द्वारा भी अपनी बाते सभी के समक्ष रखा गया। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार के द्वारा भी अपनी बाते सभी के समक्ष रखा गया। नए डीडीएम नाबार्ड श्री रजनीकांत सिंह ने भी जिले के विकास में बेहतर प्रदर्शन करने का आश्वासन दिया एवं अपने महत्वपूर्ण सहयोग देने की बात कही। इस कार्यक्रम में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शाखा प्रबंधक अमित आनंद एवं पीएनबी के सेवानिवृत वरिष्ठ प्रबंधक दीपक कुमार ने गाना गाकर लोगों का मन मोह लिया।

### डीएम ने सुनी 95 लोगों की फरियाद



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के आमजनों के परिवादों को सुना गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में लगभग 95 परिवाद प्राप्त हुए। जिनमें भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत विभाग, धान अधिप्राप्ति, आईसीडीएस सहित अन्य कार्यालयों से संबंधित थे। परिवादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त परिवाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया एवं कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वैसे मामले जो लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आते हैं। उन्हें सुनवाई हेतु पंजीकृत किया गया और ऐसे मामले जो इसके अंतर्गत नहीं है उन पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

### संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**आरा।** जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया बाजार स्थित बगीचे में शुक्रवार को संदिग्ध स्थिति में एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। शरीर पर चोट के निशान नहीं होने के कारण लोगों द्वारा अंदरूनी चोट लगने के कारण मौत होने की संभावना जताई जा रही है। मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव निवासी स्व. अनिल उपाध्याय के बेटा कृष्ण मोहन उपाध्याय उर्फ ढुलन बताया जा रहा है। जो पेशे से मजदूर था। मृतक के छोटे भाई घनश्याम उपाध्याय ने बताया कि वह हमेशा शराब के नशे में घर के लोगों से झगड़ा करता था। गुरुवार की शाम में भी वह नशे की हालत में घर आया और परिजनों के साथ गाली-गलौज की। इसके बाद वह हाथ में धारदार हथियार लेकर उसके पास आया और उससे 20 रुपए लौटाने की बात कही। जो घनश्याम ने उससे उधार लिया था। जिसके बाद घर में मौजूद चाचा ने समझा-बुझाकर उसे शांत कराया। जिसके बाद बात खत्म हो गई थी। शुक्रवार की सुबह भी वह नशे में गाली-गलौज करते हुए घर से निकल गया। दोपहर में ग्रामीणों ने सरैया बाजार के समीप बगीचे में आम के पेड़ के नीचे बेहोश पड़ा देखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और देखा कि उसकी सांसें नहीं चल रही। यह देख उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में बड़ा था। मृतक के परिवार में एक बहन विनीता देवी एवं एक भाई घनश्याम उपाध्याय है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

# छह कृषि समन्वयक का वेतन बंद कर जिला कृषि पदाधिकारी ने किया शो-कॉज

**केटी न्यूज/बक्सर**

- पराली जलाते हुए पकड़े जाने पर होगी कठोर कार्रवाई

जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। जिसमें सम्बंधित क्षेत्रो में पराली जलाते हुए पाया गया। मौके पर ही सम्बंधित पंचायत के कृषि समन्वयक से संपर्क किया गया। पराली जलाने के मुद्दे पर कृषि समन्वयको द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई।

इस रवैये पर जिला कृषि पदाधिकारी ने छह कृषि समन्वयको से चौबीस घंटे के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गई है साथ ही अगले आदेश तक वेतन भी बंद कर दिया गया है। संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर निलंबन की कारवाई भी की जाएगी। किसानों द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन जलाने के बावजूद कोई एक्शन नहीं लेने के आरोप में राजपुर प्रखंड से कृषि समन्वयक मनभरन सिंह, महिपाल राय, सत्येन्द्र नारायन सिंह, राम निवास यादव तथा इटाढ़ी प्रखंड से अलोक कुमार पाठक, प्रवीण कुमार चौबे पर कठोर कारवाई की गई है। कारवाई का यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। औचक निरीक्षण के दौरान जो व्यक्ति पराली जलाते हुए पाया जाता है तो उस पर सीआरपीसी की धारा 133 के अंतर्गत कार्रवाई की जायेगी तथा तत्काल प्रभाव से कृषक पंजीकरण को ब्लॉक कर दिया जायेगा। जिससे कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध समस्त लाभ से वंचित कर दिया जायेगा। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि प्रदेश में बक्सर जिला का तापमान अव्वल दर्जे पर है। इस परिस्थिति में पराली जलाना भीषण तबाही को न्योता देना है। इसके लिए विभाग द्वारा जागरुकता के लिए प्रचार-प्रसार, योजनाओं में प्रोत्साहन, दण्डात्मक कार्रवाई, फसल अवशेष को मूल्य संवर्धन इत्यादि कार्य किये जा रहे हैं।

# बच्चे कल के भविष्य, इन्हीं के कंधों पर आने वाला है देश का भार : डॉ रंगनाथ

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर साहु धर्मशाला में शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों के बीच बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपर समाहर्ता सुधा गुप्ता जी उपस्थित रही। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती एवं मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण के बाद प्रारंभ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार जी ने जिला उप समाहर्ता जहानाबाद, स्काउट एंड गाइड के संगठन आयुक्त हरिशंकर जी, विद्यालय के अध्यक्ष कैलाश पोद्दार, विद्यालय के सचिव सह संयोजक डॉ. रंगनाथ सिंह को अंग वस्त्र देकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

तदुपरांत विद्यालय के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, मंत्री, सेनापति, सह सेनापति को बैच लगाकर उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मौके पर स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त हरि शंकर भी उपस्थित रहे। जिला आयुक्त हरि शंकर के द्वारा सेनापति को शपथ ग्रहण कराया गया। विद्यालय के अध्यक्ष कैलाश पोद्दार विद्यालय के सचिव डॉ रंगनाथ सिंह ने भी भैया बहनों को संबोधित करते हुए अपने देश और समाज के लिए आगे बढ़कर कार्य करने हेतु सजेस्ट किया तथा बताया कि यहीं से कार्य सीखने की प्रक्रिया शुरू होती है और यह बच्चे कल के भविष्य हैं भविष्य में इन्ही के कंधों पर देश का भार आने वाला है। इसलिए अभी से यह अगर कार्य में दक्ष होंगे तो भविष्य में हमारे राष्ट्र भी दक्षता के साथ आगे बढ़ेगा ।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

### साफ सफाई और खान पान का रखें ध्यान, आ सकते हैं नए वैरिएंट की चपेट में

# कोरोना के संक्रमण से उबर चुके व्यक्ति भी बरतें सावधानी: सीएस

- संक्रमण की बढ़ती रफ़्तार देखते हुए ज्यादा सावधान रहने की जरुरत

**केटी न्यूज/बक्सर**



कोरोनावायरस का संक्रमण धीरे धीरे अपने पांव पसार रहा है। राज्य के ग्रामीण इलाकों में लोगों के इससे संक्रमित होने की खबरें आ रही हैं। कोरोना के पिछले लहरों में संक्रमण को मात देकर बहुत लोग स्वस्थ हो चुके हैं। लेकिन अभी की स्थिति में लोगों को सावधान रहने की जरुरत है और यह बात साबित भी हो चुकी है कि किसी भी व्यक्ति को कोरोना का संक्रमण दोबारा अपने चपेट में ले सकता है। संक्रमण की बढ़ती रफ़्तार को देखते हुए इस समय और ज्यादा सावधान रहने की जरुरत है। कई चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी भी कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं और अपनी सेवाएं देने में असमर्थ हैं। ऐसे में सबकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि सावधानी रखें, सुरक्षित रहें और इस कठिन परिस्थिति में स्वस्थ रहें और संक्रमित होकर स्वास्थ्य सेवाओं पर और दबाव न डालें।

**संक्रमण से ठीक हो चुके व्यक्ति दोबारा हो सकते हैं संक्रमित:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के रिपोर्ट के अनुसार कोरोना का संक्रमण इससे एक बार उबर चुके व्यक्ति को भी दोबारा अपनी गिरफ्त में ले सकता है। रिपोर्ट के अनुसार अभी ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है जो सत्यापित करे कि कोरोना का संक्रमण उससे संक्रमित हो चुके व्यक्ति को दुबारा नहीं हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक घर में रहकर और साफ सफाई अपनाकर स्वयं को कोरोना के संक्रमण से सुरक्षित रखा जा सकता है।

**अनुशासित जीवनशैली अपनाकर स्वयं को रखे सुरक्षित:** सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया लापरवाही कोरोना के संक्रमण को दावत दे सकती है। इस समय अपने घर में रहकर और अनुशासित जीवनशैली अपनाकर स्वयं को कोरोना के संक्रमण से बचाया जा सकता है। घर में रहें और हल्का, सुपाच्य एवं प्रोटीनयुक्त भोजन का सेवन करें। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती मिलती है और कोरोना के अलावा अन्य बिमारियों से भी सुरक्षा मिलती है।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार निम्न सावधानियों को अपनाकर स्वयं को संक्रमण से बचाया जा सकता है**

- अगर वैक्सीन नहीं लिया है तो यथाशीघ्र लें
- घर से बाहर निकलने पर मास्क का उपयोग करें
- भीड़ वाली जगहों पर जाने से परहेज करें
- एल्कोहल युक्त हैण्ड वाश से हाथों की नियमित सफाई करें
- नियमित व्यायाम करें और पौष्टिक भोजन ग्रहण करें

केशव टाइम्स

बक्सर, 22 अप्रैल 2023




## खबरें फटाफट

### आसमान से बरसी राहत की बूंदें,

**बक्सर।** पिछले एक सप्ताह तक हिट वेव के बाद गुरूवार को मौसम ने यूटर्न ले लिया। सुबह से ही हवा का रूख बदल गया था तथा आसमान में बादलों की अठखेलियां शुरू हो गई थी। शाम होते होते जिले के कई क्षेत्रों में आसमान से राहत की बारिश हुई। जिससे मौसम खुशगवार बन गया। हालांकि बारिश आंशिक ही हुई, लेकिन इस बारिश ने लोगों को भयंकर गर्मी से राहत दिला दी है। जानकारी के अनुसार, जिला मुख्यालय बक्सर, राजपुर, डुमरांव, केसठ आदि कई जगहों पर शाम में तेज हवा के साथ बारिश होने की सूचना मिली है।

### बाइक छोड़ तस्कर फरार, शराब बरामद

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने बाइक के साथ देसी शराब पकड़ने में सफलता पायी है। हालांकि पुलिस को देखते ही शराब तस्कर बाइक छोड़ फरार हो गया। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली कि शराब तस्कर बाइक पर शराब लेकर ठिकाने लगाने जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तस्कर की घेराबंदी करने में जुट गयी। पुलिस को आते देख तस्कर अरैला नहर पुल के पास बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक की तलाशी ली तो उसमें सात लीटर देसी शराब मिला।

### सामूहिक विवाह समारोह आज

**सिमरी।** सिमरी स्थित मां कालरात्रि मंदिर परिसर में शनिवार को सामूहिक विवाह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष डमडम राय ने बताया कि मां कालरात्रि सामूहिक विवाह सह सांस्कृतिक महोत्सव के तहत कुल 11 जोड़ियों का सामूहिक विवाह करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल से यह आयोजन किया जा रहा है।

# मिलन समारोह... केसरवानी वैश्य समाज ने लिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संकल्प

- केसरवानी वैश्य समाज का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न
- कुलश्रेष्ठ महर्षि कश्यप की वंदना कर हुई कार्यक्रम की शुरुआत

**केटी न्यूज/डुमरांव**





शुक्रवार को शहर के एक निजी सभागार में केसरवानी वैश्य समाज का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह केसरवानी वैश्य सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक केसरी, निवर्तमान अध्यक्ष अश्वथामा केसरी, निवर्तमान महामंत्री सत्येन्द्र केसरी, ओमप्रकाश केशरी पवननंदन, मदन केशरी जिगर, कृष्ण कुमार केशरी, कृष्णा केशरी, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र केशरी, मनोज केशरी, अखिलेश केशरी, महेंद्र केशरी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व कुल श्रेष्ठ महर्षि कश्यप की चरण वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र केसरी तथा संचालन प्रदेश प्रवक्ता मनोज केशरी व तरुण सभा के अध्यक्ष अखिलेश केशरी ने किया।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज में गरीबी अमीरी का भेदभाव नहीं होना चाहिए बल्कि पूरा समाज एक परिवार की कड़ी है। केसरवानी समाज की मजबूती और संगठन की उत्थान को लेकर यह समारोह आयोजित किया गया है। समारोह में लोगों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं का संकल्प लिया और दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी समाजिक कुरीतियों पर कड़ा प्रहार किया।

इस समारोह में पटना, सासाराम, बक्सर, पीरो, मोहनिया सहित अन्य जिलों से पहुंचे लोगों ने भी शिरकत किया। आगत अतिथियों को आयोजको द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जो आकर्षण का केन्द्र बना रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल बच्चों व मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### छलका विस्थापन का दर्द

केसरवानी वैश्य सभा के परिवार मिलन समारोह के दौरान उनका सदियों पुराना दर्द भी छलका। सभा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज केसरी ने कहा कि केसरी समाज मूल रूप से कश्मीर से आए हैं जो वहां केसर की खेती करते थे। उन्होंने कहा कि हमलोग महर्षि कश्यप के वंशज हैं तथा 15 शताब्दी में मुगलों के अत्याचार से कश्मीर छोड़ने को मजबूर हुए थे। मनोज ने बताया कि कश्मीर से विस्थापित होने वाले केसरी यूपी, बिहार, झारखंड, बंगाल आदि प्रदेशों में बसे है। अपने परिवार को एकजुट रखने के लिए हर साल यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके पिछली पीढ़ी तक कश्मीर से जुड़ी स्मृतियां व वहां के जमीन के कागजात थे। इस सम्मेलन के दौरान मनोज ने विस्थापन के दर्द के साथ ही पूर्वजों के संबंध में कई कहानियां भी सुनाई।

### चंदन हत्याकांडः पहले प्रेमी की दोबारा जिंदगी में इंट्री के बाद बढ़ी थी तकरार

# चंदन की हरकतों से तंग आकर किशोरी ने हत्या करने की ठानी

- क्राइम पेट्रोल सीरियल देख किशोरी ने बनाया था चंदन की हत्या का प्लान
- 12 अप्रैल की रात चंदन ने ही उसके घर जाकर दिया था पिस्टल व दो गोली
- घटना से पहले स्कूल में घुस चंदन ने सरेआम की थी छेड़खानी
- इस शर्मनाक घटना को सुन अंकित ने गोली मार देने की दी थी सलाह

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

अरियांव के चंदन हत्याकांड में कई चौकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो चंदन को गोली मारने वाली किशोरी दो साल तक उसके साथ प्रेम संबंध में रही थी। लेकिन चंदन की हरकतों से वह आजिज आ चुकी थी। वहीं किशोरी जब 12 साल की थी तभी रिश्ते में मामा लगने वाले टुड़ीगंज के अंकित सिंह से उसे प्यार हो गया। जो 2 साल तक चला परन्तु जब वह 14 की हुई तो उससे ब्रेकअप हो गया। उसके बाद चंदन उसकी लाइफ में आया। मिलना जुलना शुरू हुआ। लेकिन दो महीना पहले अंकित की फिर इंट्री हुई। दोनों के बीच फिर फोन पर बात शुरू हुई। अब फोन एक आशिक दो जब भी फोन करता तो बीजी आता। इसी बात से चंदन नाराज चल रहा था तथा सरेआम उसे परेशान कर रहा था। चंदनों की हरकतों से आजिज किशोरी कई बार अपने घरवालों से भी बताना चाही, लेकिन लोक लाज के कारण कुछ बता नहीं पाई। इस दौरान वह चंदन से पिस्टल की मांग कर रही थी। सूत्रों की मानें तो 12 अप्रैल की रात चंदन उसके घर जाकर उसे एक पिस्टल और दो गोली दिया था। इसके बाद वह मोबाईल पर क्राइम पेट्रोल देख हत्या की तरकीब सीख रही थी।

### चंदन को मारने की नीयत से किशोरी पिस्टल लेकर गई थी स्कूल



पुलिस की पूछताछ में किशोरी ने स्वीकार किया है कि हत्या से एक दिन पहले चंदन ने उसका बैग छीन लिया था। इसके साथ ही चंदन उसका मोबाइल फोन तलाश रहा था। लेकिन उस दिन मोबाइल लेकर नहीं आने के कारण वह बैग लेकर चला गया। किशोरी इस घटना से काफी शर्मसार हुई थी। अगले दिन वह पूरी तैयारी के साथ स्कूल गई थी। उसके पास मोबाईल व पिस्टल दोनों था। इसी दौरान चंदन उसका बैग लौटाने के बहाने स्कूल में आया और सरेआम उसके साथ छेड़खानी कर दिया और मिलने के लिए बगीचा के पास स्थित गोदाम पर बुलाया। सूत्र बताते हैं कि उसके जाने के बाद किशोरी ने अपने प्रेमी अंकित से बात की और घटना की जानकारी दी। तब अंकित ने कहा कि उसे गोली मार दो। तब वह बाथरूम में जाकर पिस्टल में गोली लोड कर स्कूल से बाहर निकल गोदाम के पास पहुंची, जहां चंदन उसका इंतजार कर रहा था। जाते ही किशोरी ने कमर से पिस्टल निकाल उसे गोली मार दिया। जिससे चंदन की मौत हो गई।

**जिले में अबतक की यह पहली घटना बनी:** प्रेमिका द्वारा प्रेमी को की हत्या की यह जिले की पहली घटना है। इसके पहले प्रेम प्रसंग या ऑनर किलिंग में कई हत्याएं हो चुकी है। प्रेमी द्वारा भी प्रेमिका की हत्या की घटनाएं हुई है। लेकिन किसी प्रेमिका द्वारा गोली मार किसी की हत्या किए जाने की यह सबसे पहली व अनोखी घटना बन गई है। जिस कारण जिलेभर में इस घटना की चर्चा थमने का नाम नहीं ले रही है।

### जीपीडीपी के तहत हुई बैठक, योजनाओं का किया गया चयन

**केसठ।** शुक्रवार को कतिकनार पंचायत भवन में जीपीडीपी के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया छठु राम ने व संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार ने किया। बैठक में पंचायत के मुखिया छठु राम द्वारा पंचायत के विभिन्न योजनाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। पंचायत में गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने हेतु चर्चा की गयी। मनरेगा योजनाओं में मजदूर को अत्यधिक काम मिले और पंचायत में रहकर कृषि से संबंधित कार्य करें इसको लेकर भी चर्चा की गई। वही ग्राम सभा में उपस्थित बीडीओ ने कहा कि जीपीडीपी के अंतर्गत सभी विषयों को कार्यान्वित करने वाले सभी विभाग अपने फ्रंटलाइन वर्कर के माध्यम से सभी योजना का निर्धारण ग्राम सभा के माध्यम से करेंगे। सभी योजनाओं को मिलकर मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। मुखिया ने कहा कि सरकार की सोच है कि गांव में बिजली, पानी, सड़क मुहैया कराई जाए इसके अलावे गांव की अन्य सुविधाओं के लिए भी काम किया जा रहा है। वही बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्या को बीडीओ और मुखिया को अवगत कराया।

## एक नजर

### जिलेभर में अकीदत से अदा की गई जुमातुल विदा की नमाज, आज मनेगा ईद का पर्व



**बक्सर।** जिलेभर में जुमातुल विदा ( अलविदा जुम्मा ) की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। अलविदा जुम्मा के साथ ही रोजेदार ईद की तैयारी में जुट गई है। जुमातुल विदा पर सभी मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी थी। भीषण गर्मी व तल्ख धूप के बावजूद नमाजियों में उत्साह व्याप्त था। उनमें यह उत्साह लाजिमी भी था, आखिर अलविदा जुम्मा के साथ ईद आने वाली है। ईद की खुशी रोजेदारों में उमंग का संचार कर रही थी। बता दें कि पूरे महीने के रोजे व इबादत क बाद ईद नसीब होती है। अलविदा जुम्मा पर मस्जिदों में उमड़ी रोजेदारों की भीड़ इस बात की तस्दीक कर रही थी कि अब ईद आने वाला है। शनिवार को ईद मनाए जाने की संभावना है। इसकों लेकर रोजदारों तथा उनके परिवार द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई। दोपहर की नमाज के बाद रोजेदार ईद की तैयारी में जुट गए थे। बाजार की चहल पहल भी बढ़ गई थी। सेवईयां, मिठाई, फल, मेवा, किराना सामान आदि की दुकानों पर देर रात तक भीड़ उमड़ी हुई थी। लोग एक दूसरे को ईद की अग्रिम बधाई भी देते नजर आए।

### ईद की पूर्व संध्या पर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल दिया शांति का संदेश



**बक्सर।** ईद की पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन द्वारा लोगों को भयमुक्त वातावरण में ईद मनाने तथा उपद्रवी तत्वों में भय कायम करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया। जिला मुख्यायल में निकले फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसपी मनीष कुमार ने किया। फ्लैग मार्च में भारी संख्या में पुलिस टीम शामिल थी। यह फ्लैग मार्च पूरे शहर में निकाला गया था। फ्लैग मार्च के दौरान आपसी भाईचारे के वातावरण में ईद मनाने संदेश दिया। एसपी मनीष कुमार ने कहा कि जिले भर में पुलिस मुश्तैद रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी ईदगाहों, नुक्कड़ो तथा चिन्हित जगहों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि उपद्रव फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पूर्व संध्या पर निकाले गए फ्लैग मार्च से उपद्रवी तत्वों में भय व्याप्त हो गया है। बता दें कि बक्सर में शनिवार को एकसाथ ईद तथा परशुराम जयंति मनाया जाना है। जिसे देखते हुए पूरे जिले में अलर्ट जारी किया गया है। यह फ्लैग मार्च भी उसी का हिस्सा था। पुलिस कोई चूक नहीं करना चाहती है जिससे उपद्रवी तत्वों को अपने मंसूबे में सफलता मिल सके।

### केसठ नया बाजार का मुख्य चापाकाल कई महीनों से खराब, पेयजल की समस्या गंभीर



**केसठ।** केसठ नया बाजार का चापाकल पिछले कई महीनों से खराब हो गया है। विभाग व स्थानीय प्रशासन की उदासीनता से इसकी मरम्मत नहीं हो पा रही है। जिससे इस चापाकल से जुड़े एक बड़ी आबादी के समक्ष पेयजल की समस्या गंभीर हो गई है। विभागीय उदासीनता से डीएम का निर्देश भी बेअसर हो रहा है। बता दें कि दो महीना पहले ही तत्कालीन डीएम अमन समीर ने खराब पड़े चापाकलों को 24 घंटे में मरम्मत का फरमान जारी किया था। इसके लिए एक विशेष टीम का गठन भी किया गया था। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग खराब चापकलों का मरम्मत करना था। लेकिन केसठ नया बाजार के चापाकल का मरम्मत नहीं हो सका है। जिस कारण इस भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को पानी के लिए पानी-पानी होना पड़ रहा है। बता दें कि नया बाजार में मुख्य रूप से यही एक चापाकल है, जिस पर हजारों लोग निर्भर रहते है। चापाकल के खराब होने से स्थानीय निवासियों के साथ ही बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों, दुकानदारों तथा राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है।

# भाजयुमो ने फूंका जदयू प्रवक्ता का पुतला

**केटी न्यूज/बक्सर**



शुक्रवार को स्थानीय वीर कुंवर सिंह चौका पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार का पुतला दहन किया। जिसका नेतृत्व भाजयुमो के नये जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने किया। पुतला दहन के पूर्व भाजयुमो कार्यकर्ता किला मैदान में एकत्रित हुए थे। वहा से जुलूस की शक्ल में मार्च करते हुए निकले तथा वीर कुंवर सिंह चौक पहुंच पुतला दहन किया। इस दौरान सभी लोग नीतीश कुमार और नीरज कुमार के खिलाफ गगनभेदी नारे लगा रहे थे।

पुतला दहन के बाद सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री निर्भय राय ने कहा कि जदयू नेता सह विधान पार्षद नीरज कुमार का बयान उनकी ओछी मानसिकता का परिचायक है। उनका अनर्गल बयान सस्ती लोकप्रियता बटोरने के लिए दिया गया बयान है। इस बयान से नीतीश कुमार का भय साफ दिख रहा है। इसके साथ ही तुष्टिकरण के लिए अपराधियों के संरक्षण की मानसिकता को दिखाकर बिहार की जनता को भयाक्रांत करने की साजिश है। बिहार का युवा इस तरह के राजनीतिक चरित्र का पुरजोर विरोध करता है।

इस दौरान भाजपा के जिला महामंत्री इंद्रलेश पाठक, जिला मंत्री अजय तिवारी, अमरेन्द्र पांडेय, सुनील राम, राजेश राय, बच्चन जी उपाध्याय, बसन्त चौबे, क्रीड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राहुल आंनद, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष विवेक चौधरी, दीपक सिंह, अंकित सिंह, विकास राय, दुर्गेश उपाध्याय, गोविंद जायसवाल, प्रतीक सिंह, बलिराम केशरी, सतीश दुबे पुनपुन, बिट्टू तिवारी, मनीष उपाध्याय, आशु राय, गोलू मिश्रा, दीपचंद मिश्रा, विवेक गुप्ता, दीपक पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

# एनडीए की परीक्षा में डुमरांव के लाल पार्थ मिश्रा को मिला ऑल इंडिया में 14वां स्थान

- सिमरी प्रखंड के केशोपुर का रहने वाला है परिवार, पिता हैं रेलवे में सीनियर इंजीनियर
- तीसरे प्रयास में पार्थ को मिली सफलता, पहले दो प्रयास में भी आए थे अच्छे अंक

**केटी न्यूज/ डुमरांव**




यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए की परीक्षा में अनुमंडल के सिमरी प्रखंड के केशोपुर गांव के पार्थ मिश्र को 14वां स्थान मिला है। इसके परिणाम जारी हुए तो परिवार खुशी से झूम गया। पार्थ के पिता श्रीमन नारायण मिश्र बड़ोदरा (गुजरात ) में बतौर सीनियर इंजीनियर रेलवे में कार्यरत हैं। पार्थ उनके तीन संतानों में दूसरे नंबर पर हैं। पुत्र की सफलता के बारे में जब श्री मिश्रा से बात होने लगी तो उन्होंने बताया इसका दाखिला बाला चट्टी, जामनगर के सैनिक स्कूल में हुआ था। वहीं से इसने एनडीए में जाने का फैसला किया। यह इसका तीसरा प्रयास रहा। पहले के दो प्रयास में भी पार्थ ने लिखित परीक्षा अच्छे अंक से पास की थी। लेकिन, एसएसबी में पीछे रह गया। लेकिन, इस मर्तबा उसने पूरे देश में 14 वां स्थान प्राप्त किया है। यह परीक्षा 2022 में हुई थी। लेकिन, परिणाम चार दिन पहले ही आया है।

मां अंजू मिश्रा, बड़ी बहन और छोटा भाई सभी पार्थ की सफलता पर बेहद खुश हैं। क्योंकि महज 18 वर्ष की उम्र में उसने जो निश्चय किया वह हासिल किया। बातचीत के दौरान यह भी पता चला कि गांव से इनका रिश्ता बना हुआ है। यहां जिला मुख्यालय के बाबा नगर में भी अपना घर है। जहां उनका आना-जाना लगा रहता है।

### बक्सर के जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने निबंधन एवं परामर्श केन्द्र का किया निरीक्षण

# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के आवेदनों का ससमय निष्पादन करें: डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**



डीएम अंशुल अग्रवाल ने गुरूवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डीआरसीसी में संचालित तीनों योजनाओं के संबंध में अद्यतन जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत आवेदनों की संख्या बढ़ाने, आवेदनों का ससमय निष्पादन करने, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की पेंडिंग आवेदनों का अतिशीघ्र निष्पादन एवं निरंतर काउंसलिंग के माध्यम से आवेदनों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने एसएचए, केवाईपी एवं बीएससीसी के संबंध में एक विस्तृत कार्य योजना बनाने का निर्देश भी दिया। जिससे आवेदनों की संख्या बढ़ाई जा सके। डीएम ने शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट पास बच्चों से संपर्क स्थापित कर आवेदन में सुधार कर फिर से जमा करवाने, केवाईपी केंद्रों का नियमित जांच तथा भौतिक एवं गुणात्मक सुधार लाने का निर्देश दिया।

### डीईओ कार्यालय के निरीक्षण में गायब मिले कई कर्मी

नये डीएम ने बुनियादी विद्यालय के प्रांगण में संचालित हो रहे डीईओ कार्यालय का निरीक्षण किया। वे सुबह 10.05 में निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान कुल 23 में से 10 कर्मी गायब थे। डीएम ने इसे घोर लापरवाही बताया तथा गायब कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने डीडीसी डा महेन्द्र पाल को इस मामले की जांच कर मंतव्य मांगा है। उन्होंने डीईओ से कार्यसंस्कृति में सुधार लाने का निर्देश भी दिया। वही वे करीब एक घंटे तक योजना एवं लेखा, एमडीएम तथा जिला शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण करते रहे। डीएम के आने की खबर से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा रहा। कई कर्मी दौड़े भागे कार्यालय पहुंचे।

### जनता दरबार आयोजित कर डीएम ने सुनी फरियाद

डीएम ने लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के तहत डीएम ने जनता दरबार आयोजित कर लोगों की फरियाद सुनी। समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम से संबंधित कुल सात मामले आए थे। जिसकी सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े संबंधित पदाधिकारियों के साथ की गई। जिसमें से 02 मामलों का निष्पादन किया गया। सुनवाई के क्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ब्रह्मपुर बीडीओ, राजपुर, इटाढ़ी तथा ब्रह्मपुर के सीओ जुड़े थे।

# मस्जिदों में अदा हुई अलविदा जुमा की नमाज, देश की सलामती की मांगी दुआ

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर के बिशुनीपुर, काजीपुरा, बहेरी, उमरगंज सहित तमाम मस्जिदों में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की। इस दौरान नमाजियों ने परिवार के साथ मूल्क की सलामती की दुआ मांगी। सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था रही। शहर कोतवाल राजीव सिंह खुद मोर्चा संभाले हुए थे। नमाज अदा करने से पहले मस्जिदों के इमाम ने रमजान के इस पाक महीने की आखिरी जुमा और बरकत के बारे में बताया। उन्होंने फितरा की रकम को ईद की नमाज अदा करने से पहले यतीमों व गरीबों को बांट देने को कहा। अलविदा जुमा की पहली अजान होने पर मुस्लिम लोगों का



मस्जिदों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। वे मस्जिदों में दाखिल होने के बाद सुन्नतें पढ़ी। इसके बाद निर्धारित समय दूसरी अजान हुई। इमाम द्वारा खुतबा पढ़ी गई और दो रेकात नमाज अदा की गई। इसके बाद मुल्क में अमन चैन व हिफाजत के लिए दुआएं मांगी गई। शहर के गुदरी बाजार स्थित बड़ी मस्जिद, जामा मस्जिद विशुनीपुर समेत काजीपुरा, बहेरी आदि मस्जिदों में बड़ी तादाद में बड़े बुजुर्ग और युवाओं के साथ ही बच्चों ने अलविदा की नमाज अदा की।

मुस्लिम महिलाएं भी अपने घरों में अलविदा की नमाज पढ़ी और अल्लाह से दुआएं मांगी। इस पाक महीने 29वें रमजान को मुस्लिम लोगों ने एहतमाम के साथ रोजा भी रखा। कुरआन की तिलावत के साथ ही इबादत में मशगूल रहे। मस्जिदों में पांच वक्त की नमाज के साथ ही तरावीह की भी नमाज अदा की गई। शाम को मगरीब की अजान होने पर रोजेदारों ने खजूर, पानी से रोजा खोला और शरबत, चना की घुघनी, पकौड़ी, चिप्स, फल आदि का सेवन किया।

## दूसरे की भूख और प्यास का एहसास दिलाता है रोजा : कैसर इमाम

बिशुनीपुर स्थित शिया जामा मस्जिद में शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा की गई। जिसमें मूल्क के शांति व अमन के लिए दुआ मांगी गई। इस दौरान पेशइमाम मौलाना कैसर इमाम ने अपने खुतबे में रोजेदारों को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरों की भूख और प्यास का एहसास कराता है रोजा। वहीं आपसी मेलजोल के साथ गरीब, अमीर एक साथ त्योहारों की खुशियां मनाए, इसके लिए तरह-तरह से मदद, इमदाद, पोशिदा तरीके से लोगों की मदद करने का आह्वान किया। शराते मुस्तकिम पर चलने की सलाह दी।

## निकाय चुनाव को लेकर चयन कमेटी का गठन

बलिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व नगर निकाय चुनाव को लेकर चयन कमेटी का गठन किया गया था। जिसके अनुमोदन के पश्चात बलिया जिले की दो नगर पालिकाओं और 10 नगर पंचायतों के नामों को अनुमोदित सूची जिलाध्यक्ष राज मंगल यादव के द्वारा जारी किया गया है। जिसमें नगर पालिका परिषद बलिया के समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार पूर्व नपा अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता तथा नगर पालिका रसड़ा से सपा अध्यक्ष पद के लिए गोविंद प्रसाद गुप्ता को पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। इस चयन समिति ने नगर पंचायत रेवती से अमित कुमार पांडे उर्फ पप्पू पांडे ,नगर पंचायत बांसडीह सुनील कुमार सिंह उर्फ बबलू, नगर पंचायत चितबड़ागांव से प्रदीप कुमार गुप्ता ,नगर पंचायत मनियर श्रीमती रितु देवी पत्नी नथुनी प्रसाद , नगर पंचायत नगरा इंदु पत्नी सुशील, नगर पंचायत बेल्थरा रोड शास्त्री नगर से आकांक्षा पत्नी अवधेश भाई, नगर पंचायत सिकंदरपुर दिनेश चौधरी और नगर पंचायत बैरिया अमरावती देवी पत्नी शैलेश वर्मा के साथ ही नगर पंचायत सहतवार सरिता सिंह पत्नी नीरज सिंह गुड्डू निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही हैं उन्हें पार्टी अपना समर्थन देगी परंतु नगर पंचायत रतसड़ कला से किसी भी टिकट पर उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के लिए कहा है।

## प्रशासन ने 55 मतदान केंद्रों और 186 मतदेय स्थलों को संवेदनशील किया घोषित

# अतिसंवेदनशील प्लस बूथों पर पुलिस की रहेगी खास निगाह, होगी कैमरे की नजर

**केटी न्यूज/बलिया**

निकाय चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन की अतिसंवेदनशील प्लस बूथों पर खास नजर रहेगी। इस बार ऐसे बूथों को भी चिह्नित किया गया है, जहां पर किसी जाति की आबादी की बहुलता है। वहां पर भी खास इंतजाम रहेगा। नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन ने मतदान की तैयारी शुरू कर दी है। जिले में 125 मतदान केंद्र और 423 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जहां कुल 3,46,737 मतदाता वोट डालेंगे।

प्रशासन ने 55 मतदान केंद्रों और 186 मतदेय स्थलों को संवेदनशील घोषित किया है। जबकि 54 मतदान केंद्रों और 151 पोलिंग बूथों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा है। संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके



- 12 निकायों में कुल 125 मतदान केंद्र और 423 मतदेय स्थल बनाए गए हैं
- 17 मतदान केंद्रों और 58 मतदेय स्थलों को अति संवेदनशील प्लस की श्रेणी में

अलावा प्रशासन ने 17 मतदान केंद्रों और 58 मतदेय स्थलों को अति संवेदनशील प्लस की श्रेणी में रखा है। जहां सुरक्षा के अतिरिक्त व पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने के साथ ही जिला व पुलिस-प्रशासन निकाय मतदान को शांति एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने में जुटा है। जिले में दो नगर पालिका परिषद बलिया और रसड़ा और दस नगर पंचायत बैरिया, रेवती, सहतवार, बांसडीह, मनियर, सिकंदरपुर, बेल्थरारोड, नगरा, रतसड़कला और चितबड़ागांव है। इन 12 निकायों में कुल 125 मतदान केंद्र और 423 मतदेय स्थल बनाए गए हैं, जिन पर मतदान किया जाएगा।

**अति संवेदनशील प्लस मतदान केंद्र हुए चिह्नित :** जिला स्तर पर एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, थाना प्रभारी व नगर निकाय के अधिकारी की गठित समिति द्वारा इन मतदान केंद्रों में संवेदनशील, अति संवेदनशील और अति संवेदनशील प्लस मतदान केंद्रों को चिह्नित किया गया है, जहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। एएसपी डीपी तिवारी ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। अतिसंवेदनशील व संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अराजकतत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

**होगी वेबकास्टिंग और वीडियोग्राफी :** इस बार पुलिस ने मतदान केंद्रों के अति संवेदनशील श्रेणी का आधार आरक्षण को भी बनाया है। वोटरों को स्वतंत्र रूप से वोट देने के लिए पुलिस ने तगड़ा इंतजाम किया है। अति संवेदनशील प्लस बूथों पर पुलिस के अलावा पीएसी के जवान मौजूद रहेंगे। वेबकास्टिंग और वीडियोग्राफी भी होगी। इसमें से कुछ जगहों पर अर्ध सैनिक बल भी तैनात किए जाएंगे। नई नगर पंचायतों के चलते मतदाता संख्या में हुई वृद्धि को ध्यान में रखकर चिह्नित किया गया है। इसको लेकर बीते चुनाव के दौरान हिंसक घटना में नामजद और प्रकाश में आए आरोपियों के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करने में जुटी है।

## फेसबुक पर मुख्यमंत्री के विरुद्ध टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

- सद्भाव बिगाड़ने के आरोप में युवक न्यायालय में हुआ पेश

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के रेवती थाना क्षेत्र के रेवती कस्बा निवासी एक युवक को सीएम योगी के विरुद्ध सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना मंहगा पड़ गया। पुलिस ने मुख्यमंत्री के विरुद्ध सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर टिप्पणी करने व धार्मिक भावना आहत कर दो वर्गों के बीच सद्भाव बिगाड़ने के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक बलिया जिले के रेवती थाना क्षेत्र के रेवती कस्बा निवासी मोहम्मद अजीम अज्जू ने बुधवार को सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी कर धार्मिक भावना आहत कर दो वर्गों के बीच सदभाव बिगाड़ने का प्रयास किया। मामले के तुल पकड़ने के बाद पुलिस हरकत में आई औररेवती थाने के प्रभारी हरेंद्र सिंह की तहरीर



पर बुधवार को पुलिस ने मोहम्मद अजीम अज्जू के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धारा 295 , 153 ए, 504 ,505 ( 2 ) व आई टी एक्ट की धारा 66 में नामजद मुकदमा दर्ज किया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अजीम अज्जू को गुरुवार को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय कर दिया है।

## अगलगी में चार पहिया वाहन समेत हजारों का सामान जलकर राख

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के आदिलाबाद चौरमुहानी के पास स्थित कबाड़ की दुकान में बीती रात शॉर्ट - सर्किट से आग लगने के कारण दो चार पहिया वाहन एवं दुकान में रखा हजारों का माल जलकर राख हो गया। इस संबंध में दुकान मालिक सादिक वारसी पुत्र जहीर कुरैशी निवासी ग्राम अलावलपुर अफगा थाना बरेसर ने कोतवाली में लिखित सूचना देकर बताया कि बीती रात बारह बजे हमारी दुकान में बिजली की स्पार्किंग से आग लग गई। जिससे दुकान में खड़ी टाटा मैजिक चार पहिया गाड़ी एवं एक टेंपो के साथ दुकान में रखा हजारों का कीमती सामान जलकर राख हो गया। दुकान में आग लगने की सूचना जब हमें मिली तो हमने तत्काल 112 नंबर पर फोन करके सूचना दिया। मौके पर आग बुझाने वाली फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची थी, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही काफी नुकसान हो चुका था।

## नगर पंचायत की वैन से भारी मात्रा में अंगेजी शराब बरामद, पांच पर एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/बलिया**

जिले के रेवती नगर पंचायत की बंद वैन से बरामद 50 पेटी अवैध? अंग्रेजी शराब के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं के तहत पेश न्यायालय किया। नगर पंचायत की बंद वैन से बरामद शराब नगर पंचायत चुनाव में प्रयोग के लिए लाए जाने की बात सामने आई है। बता दें कि गुरुवार की रात बलिया जनपद के रेवती थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा रेवती के वार्ड नंबर 8 में नगर पंचायत रेवती की बंद वैन से पुलिस ने 50 पेटी अवैध शराब बरामद किया था।

पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि उक्त शराब नगर पंचायत चुनाव में प्रयोग के लिए लाई जा रही थी।उल्लेखनीय है कि थाना रेवती के प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह व उप निरीक्षक प्रभाकर शुक्ला मय फोर्स के साथ बस स्टेशन रेवती के पास वाहन चेकिंग व देखभाल क्षेत्र में मामूर थे। इसी बीच मुखबीर से



सूचना प्राप्त हुई कि आदर्श नगर पंचायत रेवती के बंद वाहन में शराब ले जाया जा रहा है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर वैन को अपने कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने इस मामले में पंच्चा लाल पासवान पुत्र स्व. ददन पासवान निवासी वार्ड नं 02 कस्बा रेवती थाना रेवती जनपद बलिया, श्रीप्रकाश साहनी पुत्र स्व. गोपाल जी साहनी निवासी वार्ड नं 04 कस्बा रेवती थाना रेवती बलिया, हरेन्द्र गिरी पुत्र स्व. नन्द किशोर गिरी निवासी ग्राम केवरा थाना बांसडीह जनपद बलिया के कब्जे से पिकप वाहन से 50 पेटी अवैध 8पीएम स्पेशल 180 एमएल कुल 2400 पीस फ्रुटी अंग्रेजी शराब कुल 432 लीटर बरामद हुई। पकड़े गए अभियुक्त से पूछताछ के क्रम में वसीम अकरम पुत्र मैनुद्दीन अंसारी निवासी वार्ड नं 4 कस्बा रेवती थाना रेवती जनपद बलिया तथा धर्मेन्द्र कुमार रावत पुत्र राधे गोविन्द रावत निवासी वार्ड नं 4 कस्बा रेवती थाना रेवती जनपद बलिया को बस स्टैंड तिराहे के पास गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत गिरफ्तार आरोपियों को पेश न्यायालय कर दिया।

## संचारी व दस्तक अभियान में बरती जा रही कमियों को दूर कर रैंकिंग में सुधार लाने की तैयारी

# संचारी रोग से ग्रसित मरीजों को चिह्नित कर कराया जा रहा उपचार

**केटी न्यूज/मऊ**

वेक्टर (मच्छरों व मक्खियों) और गंदगी के कारण फैलने वाले संचारी रोगों को खत्म करने के 17 अप्रैल से घर-घर दस्तक अभियान की शुरूवात की गई। अभियान के तहत आशा कार्यकता और स्वास्थ्य विभाग की टीम जनपद के गांव-गांव में जाकर बुखार, खांसी आदि लक्षणों वाले मरीजों को चिन्हित कर रही है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की अध्यक्षता में संचारी एवं दस्तक अभियान के लिए अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक की गई। जिसमें सीडीओ ने नगर क्षेत्र में नगर निकाय तथा



स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे संचारी व दस्तक अभियान में बरती जा रही कमियों को दूर कर रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में संचारी एवं दस्तक अभियान में मानिटरिंग कर प्रगति लाने के निर्देश दिए।

सीएमओ डॉ. नरेश अग्रवाल ने बताया कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी के सक्रिय मरीज, डेंगू, फाइलेरिया, मलेरिया और इंसेफेलाइटिस आदि संचारी रोगों से ग्रसित मरीजों को चिन्हित कर उन्हें उपचार ऑनलाइन पंजीकरण और योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही हैं। 30 अप्रैल तक चलने वाले अभियान में लोगों को स्वच्छता, सैनीटाइजेशन, पोषण युक्त भोजन, शुद्ध पेयजल आदि की महत्ता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही नियमित टीकाकरण सत्रों में दो साल तक के बच्चों को जेई का टीका भी लगाया जा रहा है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वेक्टर बार्न) डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि संचारी रोग मच्छरों से फैलने वाला संक्रामक रोग है, जो किसी ना किसी रोगजनित कारको (रोगाणुओं) विशाणु, वायरस आदि के कारण होता है, जो दोगुने वृद्धि के साथ एक शरीर से दूसरे शरीर में फैलता है। मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार, एईएस, जेई, कालाजार के साथ साथ, वर्तमान में कोरोना (कोविड-19) इत्यादि संक्रामक रोग के उदाहरण हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. बीके यादव ने बताया कि जन्म से दो वर्ष तक की आयु तक टीकाकरण जेई बीमारी से लड़ने की क्षमता बढ़ाती है। साथ में आईएमआई के टीके से बच्चों को अच्छादित किया जा रहा है।

टीकाकरण के साथ बच्चों को पौष्टिक भोजन उनके अंदर रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए सभी को इस अभियान के प्रति जागरूक होकर समय पर बच्चों का टीकाकरण कराते रहना चाहिये। उन्होंने बताया कि हर प्रकार के टीकाकरण के बाद वैक्सीन से शरीर में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस को पहचान कर उन्हें नष्ट करने के लिए एंटीबॉडी बनाती है। टीकाकरण के समय पर होने से गर्भवती और बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के कारण जानलेवा रोगों से बचाव होता है। यह शरीर में उत्पन्न होने वाले सूक्ष्म जीवों को नष्ट करता है।

## एक नजर

## हर लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बनाया गया माइक्रो प्लान

**गाजीपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह में डीपीसी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता एवं एमओआईसी डॉ. अशोक कुमार सिंह द्वारा आयुष्मान मित्रों की मौजूदगी में आयुष्मान कार्ड की सूची में अन्तिम पात्र लाभार्थी का कार्ड बनाने के लिए माइक्रोप्लान तैयार की गई। जिसमें सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान कार्ड की प्रगति एवं अन्तिम लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति पर चर्चा की गई। डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम



कोआर्डिनेटर डॉ. आशीष गुप्ता ने आयुष्मान मित्रों को इस संबंध में जरुरी दिशा निर्देश दिए। बताए कि नामित आयुष्मान मित्र अपने अपने गांव के लाभाथीयों की लिस्ट बीसीपीएम से ले लें। जिससे स्पष्ट हो जाएगा कि उनके गांव में कितना कार्ड बना है तथा कितने बनाने अभी बाकी है। जिन लाभाथीयों का नाम लिस्ट में है अगर वो विस्थापित हो चुके हों या दिवंगत हो गए हों या जिन लड़कियों की शादी हो गई। ऐसे लोगों का नाम दिए गए प्रारुप पर उनका कारण दिखाकर पंचायत सहायक के माध्यम से सूचित करें। जिससे स्पष्ट जानकारी पोर्टल पर डाली जा सके। साथ ही आयुष्मान कार्डधारक मरीजों के इलाज के लिए सीएचसी पर ले आए। इस मौके पर अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने भी आयुष्मान मित्रों से कहा कि आशा व पंचायत सहायक के साथ सामंजस्य बैठाकर कार्य करें। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी तथा आयुष्मान कार्ड न बनाने वालों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## समस्याओं के समाधान के लिए किसान संघर्ष समिति और संचालक मंडल का गठन

**गाजीपुर।** किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचा है। आंदोलन और समस्याओं के समाधान के लिए किसान संघर्ष समिति और उसके संचालक मंडल का गठन किया गया। बैजलपुर स्थित देव मैरिज हाल में शुक्रवार को किसानों की हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि शीतगृह में भंडारित आलू का किराया मनमाने तौर पर प्रत्येक वर्ष बढ़ा दिया जा रहा है। इसमें प्रशासन



और सरकार की मौन सहमति है। जिससे हमारा आर्थिक शोषण हो रहा है। यह तो तात्कालिक कारण है। इसके अतिरिक्त भी संगठन न होने के कारण धान गेहूं के विक्रय के वक्त भी शोषण हो रहा है। अभी और संघर्ष अनवरत हर मुद्दों पर चलता रहेगा। जब जरूरत होती है, तब किसानों को डीएपी और यूरिया ब्लैक मार्केट से खरीदना पड़ता है। जब भी किसानों का उत्पीड़न होता है, संगठन की कमी महसूस होती है। किसान संघर्ष समिति अब हमारी समस्याओं के लिए प्रतिनिधि संगठन होगी। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यथाशीघ्र आलू भंडारण में प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित किराए से अधिक किराया वसूली पर प्रशासन ने रोक नहीं लगाया तो 16 मई को मोहम्मदाबाद अंतर्गत शहीद पार्क में धरना दिया जाएगा।

## विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

**गाजीपुर/वाराणसी।** राज्यपाल द्वारा मनोनीत विधान परिषद सदस्य तथा लगातार दूसरी बार भाजपा वाराणसी के जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा को कल बृहस्पतिवार की सायंकाल विधान भवन के राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन सभागार में विधान परिषद के सभापति कुँवर मानवेंद्र सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले मनोनीत विधान परिषद सदस्यों में रजनीकांत महेश्वरी, साकेत मिश्रा, लालजी निर्मल, तारिक मंसूर, राम सूरत





राजभर और हंसराज विश्वकर्मा शामिल रहे। हंसराज विश्वकर्मा बृहस्पतिवार की सुबह लगभग डेढ़ दर्जन चारपहिया वाहनों के काफिले के साथ शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पार्टी पदाधिकारियों कार्यकताओं तथा विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधि स्तर के लोगों के साथ सड़क मार्ग से सीधे भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहाँ वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात कर करीब 3:30 बजे समर्थकों संग विधान भवन के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे। साथ ही शपथ ग्रहण के पश्चात भारी संख्या मे उपस्थित लोगों ने हरहर महादेव के नारे के साथ हंसराज विश्वकर्मा को फूल मालाओं से लाद दिया। सभापति मानवेंद्र सिंह सहित उपस्थित अति विशिष्ट अतिथियों ने भी सभी नव मनोनीत सदस्य गण के साथ फोटो खिंचवाई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, विधायक अवधेश सिंह, पूर्व मंत्री (दर्जा प्राप्त) एवं भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, सीपी शर्मा तथा साथ आए पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नामांकन के पांचवें दिन अध्यक्ष पद के 8 एवं सभासद पद के 84 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**मऊ।** नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन के पांचवे दिन पूरे जनपद में नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु कुल 8 एवं सदस्य पद हेतु 84 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इसके अलावा अध्यक्ष पद के 26 एवं सदस्य पद हेतु कुल 221 नामांकन पत्र दाखिल हुए। नगर पालिका परिषद मऊ नाथ भंजन के अध्यक्ष पद हेतु 4 एवं सदस्य पद हेतु 36, नगर पंचायत कोपागंज में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 6, नगर पंचायत अदरी में



अध्यक्ष पद हेतु शून्य एवं सदस्य पद हेतु 6, नगर पंचायत कुर्थी जाफरपुर में अध्यक्ष पद हेतु 2 सदस्य पद हेतु 4, नगर पंचायत घोसी में अध्यक्ष पद हेतु 1 एवं सदस्य पद हेतु 5, नगर पंचायत अमिला में अध्यक्ष पद हेतु शून्य एवं सदस्य पद हेतु 3, नगर पंचायत दोहरीघाट में अध्यक्ष पद हेतुशून्य, सदस्य पद हेतु 5, नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहना में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवम सदस्य पद हेतु 8,नगर पंचायत बलीदपुर में अध्यक्ष पद हेतु शून्य एवं सदस्य पद हेतु 4, नगर पंचायत चिरैयाकोट में अध्यक्ष पद हेतु शून्य एवं सदस्य पद हेतु 5, नगर पंचायत मधुबन में अध्यक्ष पद हेतु 1 एवं सदस्य पद हेतु 2 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इस प्रकार पूरे जनपद में अध्यक्ष पद हेतु कुल 8 एवं सदस्य पद हेतु 84 नामांकन पत्रों की पांचवे दिन बिक्री हुई। नामांकन के पांचवे दिन आज अध्यक्ष पद हेतु 26 एवं सदस्य पद हेतु कुल 221 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिसमें नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद हेतु 2 जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भी शामिल हैं एवं सदस्य पद हेतु 44 नामांकन पत्र तथा नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु 24 एवं सदस्य पद हेतु कुल 177 नामांकन पत्र उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए।